भास्कर न्यूज, बालाघाट।

जनगणना को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। आंकड़ों की सटीकता और प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए प्रगणकों को सिर्फ कक्षा में ही नहीं, बल्कि गांवों में ले जाकर जमीनी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फील्ड विजिट के जरिए उन्हें घर-घर जानकारी जुटाने की पूरी प्रक्रिया समझाई जा रही है, ताकि आगामी सर्वे में किसी तरह की चूक न हो। जनगणना के प्रथम चरण के तहत जिले में प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी है। इसी क्रम में 21 अप्रैल को प्रशिक्षण के तीसरे दिन तहसील बालाघाट के ग्राम धनसुआ, पायली और मानेगांव में

फील्ड विजिट कराकर व्यावहारिक जानकारी दी गई। वारासिवनी के सिकंद्रा और खैरलांजी तहसील के घुबडगोंदी व कचेखनी गांवों में भी प्रगणकों को मौके पर प्रशिक्षण दिया गया।

घर-घर जाकर सिखाई गई सर्वे प्रक्रिया| प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को घरों तक पहुंचकर समझाई गई। इसमें परिवार की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और अन्य जरूरी आंकड़े दर्ज करने के तरीके बताए गए।

30 अप्रैल तक चलेगी स्व-गणना|जनगणना के पहले चरण में 16 अप्रैल से स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) शुरू हो चुकी है, जो 30 अप्रैल तक चलेगी। नागरिक पोर्टल पर जाकर खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

मई में घर-घर पहुंचेगी टीम| कलेक्टर मृणाल मीना ने बताया कि 1 से 30 मई के बीच प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। यदि नागरिक पहले से स्व-गणना कर लेते हैं, तो उनकी आईडी साझा करने से प्रक्रिया और आसान हो जाएगी।

पूरी तरह गोपनीय

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इसका उपयोग किसी भी प्रकार की टैक्स या पुलिस जांच में नहीं किया जाएगा।

सटीक सर्वे पर दिया जा रहा जोर। जनगणना-2027 के लिए बालाघाट में जमीनी स्तर पर तैयारियां अब तेज रफ्तार पकड़ चुकी हैं। फील्ड प्रशिक्षण के जरिए प्रगणकों को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है, ताकि आगामी सर्वे सटीक और प्रभावी तरीके से पूरा किया जा सके।

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा 23 से

बालाघाट| जिले में 23 और 24 अप्रैल को राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला पावर लिफ्टिंग एवं वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के बैनर तले होने वाले इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में इंदौर, भोपाल, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंदसौर, कटनी और झाबुआ सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग के सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों के मुकाबले होंगे। खास बात यह है कि वर्ल्ड स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी 52 वर्षीय खिलाड़ी मीना शर्मा भी इसमें हिस्सा लेंगी। उनके अलावा अन्य अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

अधिकारों के लिए ठेका श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

भास्कर न्यूज, कटंगी/बालाघाट।

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मंगलवार को जिले में ठेका श्रमिकों ने अपने अधिकारों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदर्शन में संघ के पदाधिकारी राजकुमार मोहारे, जिलाध्यक्ष योगेश यादव सहित बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक शामिल हुए। जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने आरोप लगाया कि आउटसोर्स कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की तरह काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें

समान वेतन और अन्य जरूरी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

बालाघाट| परियोजना बालाघाट नवीन के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 64 में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, बच्चों तथा वृद्ध महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली चौके द्वारा किया गया।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 14/05/2026
क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - पुराने पंजाब भवन के पास, चिटनविसगंज नरसिंहपुर रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा
प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा	मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि
1	M/s दिव्या पाइप ट्रेडर्स प्रोप:- श्रीमति सुखवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे पता - क्र. 76, वार्ड क्र. 7, ग्राम - कोहकाडिबर, पोस्ट - देओरी, जिला - बालाघाट, म0 प्र0 481001 पता :- ग्राम सारद, पोस्ट सारद, तहसील - किरनपुर, जिला - बालाघाट, म0 प्र0 481226 संबन्धित शाखा: बालाघाट अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003734	10/06/2025 19/08/2025 रु. 1,15,79,416.55 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	साम्य बंधन भूमि: संपत्ति क्र. 1 : मौज़ा - सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव तहसील किरनापुर जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/3 कुल रकबा 0.263 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतुःसीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर - पाढन, दक्षिण - भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व - सरकारी जमीन, पश्चिम - सेवक राम कि जमीन संपत्ति क्र. 2 : मौज़ा - सारद प. ह. न. 03 /15 रा. नि. म. रजेगाँव, तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट स्थित खसरा न. 241/4 कुल रकबा 0.162 हेक्टर पूर्ण डाइवरटेड जिसमे निर्मित समस्त पक्का आर. सी. सी. एवम् अन्य निर्माण जिसकी चतुःसीमा निम्न प्रकार है:- उत्तर - पाढन, दक्षिण - भाउलाल रहंगडाले कि जमीन, पूर्व - बुदन बाई कि जमीन, पश्चिम - गोपिचंद मनेश्वर कि जमीन संपत्ति क्र. 3 : PVC pipe manufacturing Plant & Machineries भू- स्वामी / बंधककर्ता: श्रीमति सुखवंती नागपुरे पति श्री दीपक नागपुरे (संपत्ति बंधककर्ता) भौतिक कब्जा (Physical Possession)	रु. 99,98,000/- रु. 9,99,800/- रु. 50,000/-

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbank.bank.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा प्राधिकृत अधिकारी (मो. 9109954645) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन एवं पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांक: 22/04/2026

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी

TIMES

क्लासीफाइड
आवश्यकता है
प्रदीक्षा हर्बल
Pradiksha Herbal
wanted Sales Executive
All Balaghat District me Door to Door मार्केटिंग के लिए commission agent चाहिए। male/female, age no bar
Contact - 9643501992
Earn - रु.15,000/- to रु. 1,35,000/- Per month

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi
सतपुड़ा इंजी...
B.Tech. 4 Year Degree 12th (Maths) Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)

क्या आप परेशान हैं ?
शादी से पहले एवं शादी के बाद की कमजोरी से
तो गुप्त रोगी आज ही मिलें...
पता- गुरूनानक पेट्रोल पम्प के सामने समाजवा...
मो. 9243880464, 89824...

सरदार पटेल ...
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time
PHA... D. P... B. P... M. P... MBA
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बा...

सरदार पटेल ...
ADMISSION OPEN 2026-27
AGRICULTURE
•B.Sc. (Hons.)Ag.
•B.Tech (Agri.) Engg.
•M.Sc. (Ag.)
ABM
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बा...

Hurry Up, Limited Seats!
SARDAR...
SARDAR PATEL INTERNATIO...
ADMI... OP...
SARDAR PATEL ...
FOR ADMISSION

सरदार ...
न्यूरो सर्जरी एवं ट्रामा सेन्टर
सरदार पटेल कैम्पस, गायखुरी, बालाघाट (

ओरिएण्टल इंजी...
B. Tech
Polyte...

Scanned with OKEN Scanner